संख्या-30/2015/1064/26-3-2015-100(114)/99

प्रेषक,

विजय प्रसाद त्रिपाठी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 16 अप्रैल, 2015

विषयः- चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-80 की आयोजनेत्तर पक्ष की योजनाओं हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-982/पी0पी0/26-97/2014, दिनांक 09.04.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015, जो समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उ0प्र0 को भी पृष्ठांकित है, द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अधीन अनुदान संख्या-80 में आयोजनेत्तर पक्ष की नशाबन्दी योजनान्तर्गत चालू कार्यक्रमों पर व्यय किये जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में खर्चो को वहन करने के लिए रूपया-04,63,32,000/- (रूपये चार करोड तिरसठ लाख बत्तीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त कर निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

अनुदान संख्या-80 आयोजनेत्तर (धनराशि हजार रूपयों में)

लेखाशीर्षक/योजना/ मद का नाम	आय-व्ययक प्राविधान 2015-16	स्वीकृत की जा रही धनराशि
राजस्व लेखा		
2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-02-समाज कल्याण-आयोजनेत्तर-105-नशाबन्दी-03-अधिष्ठान-		
0301-मुख्यालय		
01-वेतन-	2591	2591
03-मँहगाई भत्ता-	3109	3109
04-यात्रा व्यय-	100	100
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय-	30	30
06-अन्य भत्ते-	310	310
07-मानदेय	5	5
08-कार्यालय व्यय-	200	200
11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	50	50

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	50	50
13-टेलीफोन पर व्यय	50	50
15-गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	150	150
16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	30	30
19-विज्ञापन,बिक्री और विख्यापन व्यय	150	150
22-आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि	100	100
42-अन्य व्यय	1400	1400
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	50	50
45-अवकाश यात्रा व्यय	100	100
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	-	-
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	75	75
49-चिकित्सा व्यय	300	300
51-वर्दीव्यय-	12	12
योग- 0301-	**8862**	**8862**
04-मण्डलीय कार्यालय-		
01-वेतन-	13802	13802
03-मँहगाई भत्ता-	16562	16562
04-यात्रा व्यय-	500	500
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय-	200	200
06-अन्य भत्ते-	1656	1656
07-मानदेय	5	5
08-कार्यालय व्यय-	300	300
09-विद्युत देय	110	110
10-जलकर/ जलप्रभार	50	50
11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	150	150
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	150	150
13-टेलीफोन पर व्यय	200	200
15-गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	420	420
16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	50	50

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

17-किराया,उपशुल्क और कर-स्वामित्व	500	500
26-मशीने और सज्जा/उपकरण और सयत्र	225	225
29-अनुरक्षण	120	120
42-अन्य व्यय	1400	1400
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	55	55
45-अवकाश यात्रा व्यय	300	300
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	100	100
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	100	100
49-चिकित्सा व्यय	500	500
51-वर्दी व्यय-	15	15
योग-04	**37470**	**37470**
योग'105	**46332**	**46332**

(रूपये चार करोड़ तिरसठ लाख बत्तीस हजार मात्र)

(1) वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइन्सेसियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, उसमें व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत वित्तीय नियमों तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये। संभावित व्यय की फेजिंग विभाग के कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें। जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए प्रतिमाह समान रूप से की जाये।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष कोषागार से धनराशि का आहरण, तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय। यदि संबंधित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर उपलब्ध हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को संबंधित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामले में विभागाध्यक्ष स्तर पर एकमुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय, क्योंकि धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबंधन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा अनावश्यक रूप से बैकों में खाता खोलकर धनराशि जमा करने की प्रवृत्ति को बढावा मिलता है। किसी भी दशा में धनराशि आहरित कर बैंक/डाकघर मे जमा न की जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय केवल चालू योजनाओं पर ही किया जाय और किसी भी दशा में से धनराशि का उपयोग नई मदों/सेवाओं पर व्यय के लिए न किया जाये तथा शासन की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी प्रकार का पुनर्विनियोग न किया जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(4) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(5) पूर्व वर्षो में स्वीकृत धनराशियां यदि अभी भी पी0एल0ए0/बैंक खातों एवं पोस्ट आफिसों में जमा है तो उनका उपयोग सुनिश्चित करने तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्गत/प्राप्त होने पर ही स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग किया जाये। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्ड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/ बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015 द्वारा प्रशासकीय विभागों को दिये गये दिशा-निर्देशों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव

संख्या-30/2015/1064 (1)/26-3-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2-महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 ,इलाहाबाद।
3-निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
4-कोषाधिकारी,जवाहर भवन, लखनऊ।
5-वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6-क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, मुरादाबाद, मेरठ, उ0प्र0।
7-सलाहकार, समाज कल्याण, उ0प्र0 शासन/गार्डफाइल/इन्टरनेट प्रति।

आज्ञा से,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।